बुधवार
31 मई, 2023
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक




हथियार एवं नगदी के साथ पटना के दो कुख्यात आर्म्स तस्कर आरा से गिरफ्तार 2

### सीएम नीतीश कुमार ने बेगूसराय में बनने वाले राज्य के पहले रिवर फ्रंट का किया शिलान्यास

# 115 करोड़ के खर्च से हरिद्वार की तर्ज पर विकसित होगा सिमरिया धाम



**केटी न्यूज/बेगूसराय**

बेगूसराय उत्तर वाहिनी गंगा नदी तट पर स्थित सिमरिया धाम का हरिद्वार के तर्ज पर विकास किया जाएगा। मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सिमरिया में 115 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले राज्य के पहले रिवर फ्रंट का शिलान्यास किया। लंबे समय से सिमरिया धाम को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने के प्रयास किए जा रहे थे। इसके विकास के लिए केंद्र और राज्य सरकार ने खजाना खोल दिया है। बिहार सरकार के जल संसाधन विभाग द्वारा सिमरिया घाट पर सीढ़ी निर्माण सहित रिवर फ्रंट निर्माण कार्य के लिए 115 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

पूर्व से ही केंद्र की नमामि गंगे योजना के तहत एनबीसीसी कंपनी द्वारा 11 करोड़ रुपये की लागत से श्मशान घाट के पास सीढ़ी, चेंजिंग रूम, शौचालय, लाइट सहित अन्य निर्माण कार्य चल रहा है। अब बिहार सरकार ने रिवर फ्रंट निर्माण कार्य की भी स्वीकृति दे दी है, जिसका आज मुख्यमंत्री के हाथों शिलान्यास हुआ। राजेंद्र पुल के पूरब सिमरिया गंगा नदी तट पर रिवर फ्रंट के निर्माण से सिमरिया धाम में देशभर से पर्यटकों के आने का रास्ता खुल जाएगा। इससे राजस्व के साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार में भी वृद्धि होगी। सिमरिया धाम के विकास को लेकर स्वामी चिदात्मन जी महाराज का वर्षों से प्रयास चलता रहा। आज उनका प्रयास सफल हो रहा है। रिवर फ्रंट के निर्माण के लिए आवंटित 114.97 करोड़ रुपये से सिमरिया में 550 मीटर लंबा रिवर फ्रंट बनेगा। इसके साथ ही स्थाई सीढ़ी घाट, यात्री सुविधाओं के लिए अस्थाई निवास, स्नानागार, चेंजिंग रूम, हाइमास्ट लाइट, बैठने के लिए बेंच, पार्क, धार्मिक अनुष्ठान स्थल सहित एनएच 31 से सिमरिया घाट तक फोरलेन सड़क निर्माण कार्य सहित अन्य विकास कार्य किए जाएंगे।

## बिहार में शराबबंदी को प्रभावी बनाने के लिए 1456 पदों पर होगी बहाली

### कैबिनेट की बैठक में 24 महत्वपूर्ण प्रस्तावों की मिली मंजूरी

**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को कैबिनेट की मीटिंग बुलाई थी। इसमें कुल 24 महत्वपूर्ण प्रस्ताव की मंजूरी मिली है। मद्ध निषेध के साथ-साथ जेलों के लिए बड़े स्तर पर बहाली होगी। कैबिनेट से पद के सृजन की स्वीकृति मिल गई। दोनों विभाग मिलाकर कुल 1456 पद को सृजित किया गया है। मद्य निषेध सिपाही संवर्ग के कर्मियों का आवासन, अनुशासन एवं नियमित प्रशिक्षण के लिए पांच ग्रुप सेंटर (पटना, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, गया एवं सहरसा) की स्थापना एवं मद्ध निषेध के सफल कार्यान्वयन के लिए विभिन्न कोटि के कुल 1218 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है। बिहार के जेलों को सुदृढ़ बनाने के लिए 238 अतिरिक्त लिपिक के पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है।

**दरभंगा और पूर्णिया एयरपोर्ट पर सिविल एंक्लेव के लिए एमओयू:** पूर्णिया हवाई अड्डा पर नए सिविल एंक्लेव के निर्माण के लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण एवं राज्य सरकार के बीच एमओयू की स्वीकृति दी गई है। दरभंगा सैन्य हवाई अड्डे पर नए सिविल एंक्लेव के लिए भारतीय विमानभारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण एवं राज्य सरकार के बीच समझौता ज्ञापन की स्वीकृति दी गई है।

### पांच डॉक्टर बर्खास्त

बिहार महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता अठट संवर्ग नियमावली 2018 को निरस्त करते हुए बिहार महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता संवर्ग नियमावली 2023 के गठन की स्वीकृति दी गई है। पांच चिकित्सक डॉक्टर नसीम अहमद चिकित्सा पदाधिकारी स्वास्थ्य केंद्र पंचगछिया सहरसा,रजौली के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रंजन कुमार और अरवल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अनिता कुमारी को लगातार अनुपस्थित रहने के आरोप में सेवा से बर्खास्त किया गया है। डॉ. सुमित कुमार डेहरी अनुमंडलीय अस्पताल और सदर अस्पताल आरा के चिकित्सक मिथिलेश कुमार को लगातार अनुपस्थित रहने के आरोप में बर्खास्त किया गया है। वहीं, त्रिवेणीगंज के तत्कालीन अंचल अधिकारी ध्रुव कुमार को सेवा से बर्खास्त किया गया है।

खान एवं भूतत्व विभाग के तत्कालीन उप निदेशक लक्ष्मी प्रसाद साहू की बर्खास्तगी को हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया। बर्खास्तगी और सेवानिवृत्ति की तिथि का वेतन भत्ता एवं अन्य लाभ सशर्त दिए जाने की स्वीकृति दी गई है।

### आज जारी होगा शिक्षक भर्ती का नोटिफिकेशन

**पटना।** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) ने शिक्षक भर्ती के नोटिफिकेशन का प्रारूप तैयार कर लिया है। 31 मई को नोटिफिकेशन जारी किया जा सकता है। आयोग के अध्यक्ष अतुल प्रसाद ने कहा कि सिलेबस का विस्तार नहीं हुआ है। प्राइमरी टीचर के लिए जो सिलेबस पहले थे, वही अभी भी है। परीक्षा अगस्त महीने के 19, 20, 26 और 27 तारीख को होगी। रिजल्ट दिसंबर तक आएगा। पहले मेन पेपर में 150 प्रश्न होने थे, लेकिन अब मेन पेपर में 120 प्रश्न ही होंगे। एक पद के लिए एक ही मेन पेपर होगा। बीएड-डीएलएड में लास्ट ईयर में अपीयरिंग स्टूडेंट्स को भी मौका मिलेगा।

### आरजेडी का खुद का ठिकाना नहीं : प्रशांत

**समस्तीपुर।** चुनावी रणनीतिकार और जन सुराज के संयोजक प्रशांत किशोर ने मंगलवार को बिहार की सत्तारूढ़ पार्टी आरजेडी पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि आज लोकसभा के 543 सांसदों में से आरजेडी के जीरो सांसद हैं। बिहार में लोगों को लगता होगा कि आरजेडी बहुत बड़ा दल है, लेकिन चुनाव की समझ हमको भी है। पिछले 10 सालों में हमने भी यही काम किया है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा- अगर कोई अपने घर के बाहर प्रधानमंत्री की कुर्सी और उनका पोस्टर लगा दे तो इसका क्या मतलब है? कल को अमेरिका के राष्ट्रपति की कुर्सी पर कोई किसी बैठा दें तो इसका मतलब ये नहीं है कि आप अमेरिका के राष्ट्रपति बन जाएंगे। उन्होंने कहा कि आज आरजेडी का खुद का ठिकाना नहीं है और वो देश का प्रधानमंत्री कैसे बनाएंगे?

## मां वैष्णो देवी धाम जा रही बस खाई में गिरी, 10 लोगों की मौत

### मृतकों में सभी लोग बिहार के रहनेवाले



**एजेंसी/श्रीनगर**

जम्मू-कश्मीर में मंगलवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। एक बस के गहरी खाई में गिर जाने से 10 यात्रियों की मौत हो गई। वहीं कई को अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। घटना जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई, जब यात्रियों से भरी बस गहरी खाई में गिर गई। अधिकारियों के मुताबिक, बस अमृतसर से कटरा जा रही थी, जिसमें वैष्णो देवी में दर्शन के लिए जा रहे अधिकांश यात्री सवार थे। सभी यात्री बिहार के रहने वाले थे। मृतकों के शव पंचनामे के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिए गए हैं। वहीं घायलों का इलाज चल रहा है।

पुलिस ने बताया कि बस दुर्घटना जम्मू जिले के कटरा से करीब 15 किलोमीटर दूर झज्जर कोटली के पास हुई। उपायुक्त (डीसी) जम्मू अवनी लवासा ने बताया कि 10 लोग मारे गए हैं, और 4 अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस ने बताया कि गंभीर रूप से घायल लोगों को जीएमसी जम्मू लाया गया है। 12 अन्य को स्थानीय सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

### मृतकों के आश्रितों को सीएम ने दो-दो लाख रु. देने की घोषणा की

इस हादसे पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शोक संतप्त परिवारों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। नीतीश कुमार ने इस दुर्घटना में बिहार के रहने वाले मृतकों के आश्रितों को दो-दो लाख रुपये अनुग्रह अनुदान मुख्यमंत्री राहत कोष से देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्थानिक आयुक्त, नई दिल्ली को निर्देश दिया है कि जम्मू कश्मीर सरकार से आवश्यक समन्वय स्थापित कर हादसे में घायल लोगों के समुचित इलाज की व्यवस्था एवं हर संभव सहायता सुनिश्चित करें।

पुलिस ने बताया कि घटना कैसे हुई, इसकी जानकारी अभी नहीं हुई है। फिलहाल केस दर्ज करके आगे की जांच शुरू कर दी गई है। जिन यात्रियों को होश है, उनसे पूछताछ की जा रही है।

## जम्मू में आतंकियों ने एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी

**एजेंसी/श्रीनगर**

जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों के भारी दबाव के चलते कुछ महीनों की खामोशी के बाद आतंकवादियों ने एक बार फिर अल्पसंख्यक समुदाय के निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। इस बार आतंकियों ने एक निजी सर्कस के कार्यकर्ता दीपक कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी है। जम्मू-कश्मीर पुलिस के मुताबिक, दीपक कुमार उर्फ दीपू की सोमवार देर शाम अनंतनाग जिले में उस वक्त हत्या कर दी गई जब वो रात करीब सवा आठ बजे सर्कस के पास अपने कैंप से लौट रहा था। इस दौरान अज्ञात बंदूकधारियों ने उसे गोलियों से भून दिया। उधमपुर निवासी दीपक कुमार की हत्या के बाद सर्कस में काम करने वाले बाकी मजदूर और कर्मचारी सहम गए हैं और उन्हें भी जान का खतरा सता रहा है।

**पूरा देश मृतक के परिवार के साथ खड़ा है : उपराज्यपाल-** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने आतंकवादी हमले की निंदा की है और मृतक के परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा, सरकार और पूरा देश परिवार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। हमारे सुरक्षा बल आतंकवादियों के मंसूबों को विफल करने के अपने संकल्प में प्रतिबद्ध हैं और अपराधियों को न्याय दिलाने के लिए सभी प्रयास किए जाएंगे। वहीं, घटना के बाद से पैतृक क्षेत्र दीपू के लोगों में पाकिस्तान के खिलाफ गुस्सा है।

### शादी से मना करने पर युवक ने युवती को चाकू से गोद दिया

**सीतामढ़ी।** 24 घंटे पहले ही दिल्ली में साक्षी नामक लड़की की साहिल ने चाकुओं से गोद कर हत्या कर दी। अब कुछ उसी तरह की घटना को बिहार में अंजाम दिया गया है जहां एक सनकी युवक में एक युवती ताबड़तोड़ कई बार चाकुओं से वार किया है। मामला सीतामढ़ी जिले के बथनाहा थाना क्षेत्र के दिग्घी पंचायत के हरि बेला गांव का है। विजय साह की पुत्री चांदनी कुमारी को गांव के ही रमेश शाह के पुत्र चंदन कुमार शादी करने को लेकर दबाव बना रहा था। लड़की ने शादी से इंकार कर दिया जिससे लड़के ने लड़की को चाकू गोद पूरी तरह जख्मी कर दिया। स्थानीय लोगों की मदद से जख्मी युवती को शहर के निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है।

## पत्नी के प्रेम संबंधों से नाराज पति ने पटना स्टेशन को उड़ाने की दी धमकी

◆ रेलवे पुलिस ने सहरसा जिले से आरोपी को किया गिरफ्तार

**केटी न्यूज/पटना**

पटना जंक्शन रेलवे स्टेशन को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले एक व्यक्ति को रेलवे पुलिस ने मंगलवार को सहरसा जिले से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान सहरसा के सौर बाजार निवासी राजेश कुमार रंजन के रूप में हुई है। वह सीआरपीएफ की नौकरी छोड़कर सहरसा में हार्डवेयर की दुकान पर काम कर रहा था।

पटना रेलवे पुलिस के एसपी अमृतेंदु शेखर ठाकुर ने कहा, हमने सहरसा पुलिस की मदद से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने अपराध कबूल कर लिया है। उसने दावा किया कि वह अपनी पत्नी के दो व्यक्तियों - मुजफ्फरपुर के दीप शंकर पासवान और जलालगढ़ पूर्णिया जिले के चांद किशोर के साथ विवाहेतर संबंधों से नाराज था।

ठाकुर ने कहा, आरोपी ने कहा कि उसकी पत्नी पूजा का दीप शंकर पासवान के साथ अवैध संबंध था, लेकिन उसके परिवार के सदस्यों ने उससे शादी करने के लिए मजबूर किया। शादी के बाद उसने अपना रिश्ता नहीं तोड़ा। पासवान ने पूजा को उसके नाम से एक सिम कार्ड खरीदकर दिया, वह उससे बात कर सके। आरोपी ने कहा कि पूजा ने चांद किशोर के साथ भी विवाहेतर संबंध विकसित किया और वह दोनों के साथ फोन पर बात करती थी।




### भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष नरेश टिकैत के आश्वसन के बाद माने पहलवान

# भारतीय पहलवानों ने मेडल को गंगा में बहाने का फैसला टाला

**एजेंसी/नई दिल्ली**

भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण सिंह के खिलाफ पिछले कई दिनों से धरना प्रदर्शन कर रहे पहलवानों ने हरिद्वार के हर की पौड़ी में अपने मेडल गंगा में बहाने का फैसला लिया था। पहलवान मेडल बहाने के लिए हरिद्वार पहुंचे थे। इसी बीच भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष नरेश टिकैत वहां पहुंचे। पहलवानों से बात कर उन्होंने केंद्र सरकार को कार्रवाई के लिए पांच दिन का अल्टीमेटम दिया है। टिकैत ने पहलवानों से मेडल्स और मोमेंटो वाली पोटली भी ले ली। उन्होंने कहा कि इन्हें राष्ट्रपति को देंगे। इस आश्वासन पर पहलवानों ने मेडल को गंगा में बहाने का फैसला टाल दिया है। सभी खिलाड़ी हरिद्वार से घर के लिए रवाना हो गए हैं।



### बॉक्सर मोहम्मद अली ने नदी में फेंक दिया था ओलंपिक मेडल

भारत के पहलवानों के इस ऐलान के बाद दुनिया के महान बॉक्सर मोहम्मद अली से जुड़ा वो किस्सा भी याद आ गया जब विरोध जताने के लिए उन्होंने अपना ओलंपिक मेडल नदी में फेंक दिया था। मोहम्मद अली को तब कैसियस क्ले के नाम से जाना जाता था। उन्होंने नस्लीय भेदभाव का विरोध करने के लिए 1960 में ओहियो नदी में अपना ओलंपिक स्वर्ण पदक फेंक दिया था। अली को नस्लीय भेदभाव के कारण एक श्वेत व्यक्ति के रेस्तरां में खाना देने से मना कर दिया गया था। जिसके बाद उन्होंने मेडल को नदी में फेंक कर अपनी निराशा व्यक्त की थी। अली ने अपनी आत्मकथा द ग्रेटेस्ट में इस घटना का जिक्र किया है। उन्होंने बताया कि कैसे एक ओलंपिक चैंपियन होने के बावजूद उनके साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार किया गया था।

**वहां काले लोग नहीं खा सकते थे:** उन्होंने लिखा, मैं 1960 के रोम ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीतने के बाद लुइसविले वापस आया था। इसके बाद मैं लंच के लिए उस रेस्तरां में गया जहां काले लोग नहीं खा सकते थे. मैं रेस्तरां में जाकर बैठ गया और खाना देने के लिए कहा। एक ओलंपिक चैंपियन अपना स्वर्ण पदक पहने वहां खाना मांग रहा था और उसे उन्होंने कहा कि हम यहां निगर (काले रंग के लोगों के लिए इस्तेमाल किए जाने वाला शब्द) को सर्विस नहीं देते हैं।

## खबरें फटाफट

### करंट से झुलसे मजदूर की एक सप्ताह बाद मौत, पटना में तोड़ा दम



**आरा।** नवादा थाना क्षेत्र के गोढ़ना रोड में करंट लगने से झूलसे एक मजदूर की मौत हो गई। इलाज के दौरान पटना के पीएमसीएच में सोमवार की देर रात उसने दम तोड़ दिया। मृतक संदेश थाना क्षेत्र के जमुआवं गांव निवासी मेघनाथ राम का 29 वर्षीय पुत्र धनंजय कुमार था।उसके मामा संतोष कुमार ने बताया कि बीते मंगलवार की सुबह वह नवादा थाना क्षेत्र के गोढना रोड स्थित नहर के समीप नवनिर्मित मकान में आया था। वहां घर की छत की ढलाई का काम चल रहा था। उसी दौरान वह सरिया लेकर छत पर जा रहा था। तभी सरिया ऊपर से गुजर रहे हाईटेंशन विद्युत प्रवाहित तार से स्पर्श कर गया था। उसके कारण वह बुरी तरह झुलस गया था। इसके बाद उसके साथ ही मजदूर और ठेकेदार द्वारा इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया था। वहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी हालत देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया था। वहां एक सप्ताह चले इलाज के बाद सोमवार की देर रात उसने दम तोड़ दिया। उसके बाद परिजन शव लेकर आरा सदर अस्पताल पहुंचे। वहां नगर थाने की पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। इधर, युवा मजदूर की मौत से उसके घर में कोहराम मचा है। युवक अपने चार भाई और तीन बहनों में सबसे बड़ा था। उसके परिवार में मां लीलावती कुंअर, पत्नी दुर्गावती देवी, पुत्र रितेश, रितिक,ऋषभ और पुत्री रागनी है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। मां लीलावती कुंअर और पत्नी दुर्गावती देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# गांव स्तर पर फाइलेरिया उन्मूलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं पेशेंट नेटवर्क

- फाइलेरिया पेशेंट सपोर्ट नेटवर्क के सदस्यों साथ डीएमओ ने की बैठक
- नेटवर्क के माध्यम से फाइलेरिया रोगियों को उनका अधिकार दिला रहे हैं सदस्य



केटी न्यूज/गोपालगंज

फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर स्वास्थ्य विभाग प्रतिबद्ध है। फाइलेरिया उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विभिन्न स्तर पर प्रयास किया जा रहा है। इसको लेकर गांव अस्तर पर फाइलेरिया के मरीजों की लाइन लिस्टिंग तैयार की जा रही है। इसके साथ ही फाइलेरिया मरीजों का नेटवर्क ग्रुप बनाया जा रहा है ताकि वह ग्रुप के माध्यम से अपने हक और अधिकार की बात कर सके। उनको मिलने वाली सुविधाओं को ससमय सुनिश्चित कराई जा सके। इसी उद्देश्य से जिले के सिधवलिया प्रखंड और बरौली प्रखंड के पेशेंट सपोर्ट नेटवर्क के सदस्यों के साथ जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान नेटवर्क के सदस्यों ने अपने गतिविधियों से अवगत कराया। बैठक में मठिया टोला, मोगल बिरचईया, करशघाट, महान पैशन सपोर्ट नेटवर्क के सदस्य शामिल थे। इस दौरान नेटवर्क के सदस्यों ने डीएमओ को धन्यवाद पत्र भी ज्ञापित किया। सिधवलिया और बरौली प्रखंड के दर्जनों फाइलेरिया के मरीज पेशेंट नेटवर्क समूह से पिछले 1 साल से जुड़े हैं। नेटवर्क के सदस्यों ने कहा कि पैसे नेटवर्क समूह में जुड़ने से पहले हम सभी फैलेरिया मरीजों का जीवन जटिल हो गया था यहां तक कि सामाजिक परेशानी झेलनी पड़ती थी। लेकिन अब, जब हम लोग नेटवर्क समूह से जुड़े हैं उसके बाद से हम लोग फाइलेरिया बीमारी के प्रति काफी जागरूक हो गए हैं। इतना ही नहीं बीमारी से बचाव के प्रति हम सभी नियमित व्यायाम कर बेहतर स्वास्थ लाभ महसूस कर रहे हैं। पहले मन में फाइलेरिया बीमारी के प्रति जो नकारात्मक सोच बनी थी वह बिल्कुल सकारात्मक सोच में तब्दील हो गया है। यह सब बदलाव आपके द्वारा समय-समय पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने से ही संभव हो सका है।

**सशक्त हुए फाइलेरिया के मरीज:** पेशेंट सपोर्ट ग्रुप के माध्यम से फाइलेरिया के मरीजों में काफी सकारात्मक बदलाव आया है। उसी का परिणाम है कि अब पेशेंट नेटवर्क समूह के सदस्य जिले के दूसरे प्रखंडों में जाकर फाइलेरिया से ग्रसित अन्य मरीजों को भी जागरूक कर रहे हैं। सभी नेटवर्क सदस्यों को समय-समय पर एमएमडीपी किट का वितरण और प्रशिक्षण के माध्यम से भी जागरूक किया जा रहा है। मलेरिया रोगियों के जिंदगी में इस नवीन बदलाव के लिए पैसे नेटवर्क समूह के सभी सदस्यों ने स्वास्थ्य विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया है।

फाइलेरिया उन्मूलन में नेटवर्क सदस्यों की **भूमिका महत्वपूर्ण** : जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ सुषमा शरण ने बताया कि फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर स्वास्थ विभाग के द्वारा विभिन्न स्तर पर प्रयास किया जा रहा है लेकिन उन प्रयासों को समुदाय स्तर तक पहुंचाने में फाइलेरिया पेशेंट सपोर्ट नेटवर्क के सदस्यों की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है। नेटवर्क सदस्यों के द्वारा गांव स्तर पर लोगों में फाइलेरिया के प्रति जागरूकता फैलाई जा रही है। नेटवर्क सदस्यों के द्वारा एमडीए अभियान के दौरान भी काफी सहयोग किया गया था जिसका परिणाम है कि अधिक से अधिक लोगों को फाइलेरिया से बचाव की दवा खिलाई गई। इसके साथ ही फाइलेरिया रोगियों की पहचान के लिए जिले में चलाए गए नाइट ब्लड सर्वे अभियान में भी नेटवर्क सदस्यों ने काफी सहयोग किया था। रातों में जब कर भी लोगों को घर घर से बुलाकर नाइट ब्लड सर्वे में जांच कराने के लिए प्रेरित किया गया था। ऐसे में इन सदस्यों का सहयोग जिले को फाइलेरिया मुक्त करने में काफी सार्थक सिद्ध होगा।बैठक में पेशेंट नेटवर्क सदस्य सीमा देवी, शीला देवी, शान्ति देवी, कुंती देवी, खुशबू नेसा, सुनीता देवी, लिलावती देवी, सरस्वती देवी, उषा देवी, सम्भू महतो, ओमप्रकाश शाह,नूर मोहम्मद, सोगरा खातून, हलीमा खातून, सुदर्शन राम, शिवनाथ यादव मौजूद थे।

# हथियार एवं नगदी के साथ पटना के दो कुख्यात आर्म्स तस्कर आरा से गिरफ्तार, असलह बरामद

- एसटीएफ ने जब्त की एक पिस्टल, दो मैगजीन, एक लाख 70 हजार रुपए, स्कार्पियो व मोबाइल
- पटना एसटीएफ व भोजपुर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में पकड़े गए दोनों तस्कर
- गड़हनी थाने के पोसवां मोड़ के पास से पुलिस ने दोनों को दबोचा











केटी न्यूज/आरा

जिले के गड़हनी थाना में आर्म्स की डिलेवरी देने पहुंचे पटना के दो कुख्यात हथियार तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पटना की एसटीएफ और भोजपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने मंगलवार को दोनों को गड़हनी थाना क्षेत्र के पोसवां मोड़ के पास से शर्मा कुमार व रणजय शर्मा को गिरफ्तार किया है। उनमें पटना के विक्रम रानी तालाब थाना क्षेत्र के बरदा गांव निवासी चंद्रदेव शर्मा के पुत्र रंजय कुमार और विहस यादव का पुत्र शरमा कुमार शामिल हैं।

उनके पास से 7.65 प्वाइंट के एक पिस्टल, दो मैगजीन, एक लाख 70 हजार रुपए, एक स्कॉर्पियो व दो मोबाइल बरामद बरामद की गयी है। भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार द्वारा गिरफ्तारी की पुष्टि की गयी है। उन्होंने बताया कि सूचना मिली कि पटना के दो कुख्यात हथियार तस्कर गड़हनी इलाके में आर्म्स की डिलेवरी देने आने वाले हैं। उसे लेकर मंगलवार को दोनों स्कॉर्पियो से गड़हनी आ रहे हैं। उसके आधार पर गड़हनी पुलिस पूरी तरह अलर्ट थी। पटना की एसटीएफ टीम भी सूचना के आधार पर दोनों तस्करों का पीछा कर रही थी।

उसी दौरान एसटीएफ व गड़हनी पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा पोसवां मोड़ के समीप स्कॉर्पियो सवार तस्करों को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान गाड़ी से एक पिस्टल, दो मैगजीन और नगदी बरामद की गयी। दोनों के कनेक्शन की जांच की जा रही है। हथियार बरामदगी को लेकर गड़हनी थाने में दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है। टीम में गड़हनी थानाध्यक्ष राजीव रंजन भी शामिल थे।

### लोकल कनेक्शन खंगाल रही पुलिस

जानकारी के अनुसार पटना के रहने वाले दोनों तस्कर कुछ दिनों से गड़हनी सहित जिले के इलाके में हथियार की खरीद बिक्री का धंधा कर रहे थे। भोजपुर पुलिस और एसटीएफ को उसकी भनक लग गयी थी। उसके बाद से एसटीएफ और भोजपुर पुलिस दोनों की फिराक में लगी थी।

मंगलवार को दोनों तस्करों के गड़हनी इलाके में आने की सूचना पुलिस को मिल गयी थी। पता चला था कि दोनों तस्कर स्कॉर्पियो से हथियार की डील करने के लिए गड़हनी आ रहे हैं। उसके बाद एसटीएफ और भोजपुर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा इलाके में जाल बिछा कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। बताया जा रहा है कि हथियार की स्पलाई करने से पहले ही पुलिस पहुंच गयी और दोनों को दबोच लिया। पुलिस दोनों का स्थानीय कनेक्शन खंगाल रही है।

## एक नजर

### हनुमान मंदिर में मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा समारोह, 108 महिलाओं ने सिर पर कलश रख लिया यात्रा में हिस्सा



**जहानाबाद।** काको प्रखण्ड के चंदौरा गांव में मंगलवार को हनुमान मंदिर में मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलश यात्रा निकाली गई। 108 महिलाओं ने सिर पर कलश रख कर शोभायात्रा में भाग लिया। हनुमान स्वरूपों ने भी भाग लिया।कलश यात्रा का शुभारंभ विधिवत पूजा के साथ किया गया। कलश शोभायात्रा मंदिर से शुरू होकर हमीनगर गांव होते हुए मंडल कारा के बगल से होते काको सूर्यमंदिर पहुंचा। वहां पर मंत्रोचारण के साथ विधिवत जलभरी का आयोजन किया गया जलभरी के बाद यात्रा पुन: चंदोरा गांव स्थित नवनिर्मित मंदिर में पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में बैंड बाजे के साथ महिलाओं ने सिर पर कलश उठाने के साथ-साथ पूरे रास्ते में जय श्री राम का नारा लगा रही थी यात्रा से चंदौरा गांव के आसपास समेत काको बाजार भक्तिमय हो गया था।कलश यात्रा का नेतृत्व कर रहे पंडित मनीष पाण्डे ने बताया कि मंदिर का निर्माण बड़े सौभाग्य से होता है। जो लोग मंदिर निर्माण में भागी होते हैं, उनका जीवन सफल होता है। परमात्मा का गुणगान मंदिर में होता है। यहां प्रभु का निवास होता है। जहां श्रीराम का निवास हो, वहां हनुमान जी विराजते हैं। उन्होंने बताया की अगले तीन दिन शाम के समय हनुमत कथा का आयोजन होगा वही 1 जून को भव्य भंडारे के साथ कार्यक्रम संपन्न हो जाएगी। मंदिर की प्राणप्रतिष्ठा एवं कलश यात्रा में गांव के सुभाष प्रसाद,भुनेश्वर प्रसाद,गुड्डू लाल,राकेश कुमार,पिंटू कुमार,कामेश्वर महतो,बजरंगी कुमार,रिंकू लाल,राहुल कुमार समेत अन्य कई लोग कड़ी मेहनत करते नजर आए।

### दिशा की बैठक में शामिल हुए सांसद व अन्य, दिए आवश्यक दिशा निर्देश



**जहानाबाद।** सांसद-सह-अध्यक्ष, जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति चन्देश्वर प्रसाद की अध्यक्षता में मंगलवार को दिशा की बैठक संबंधित पदाधिकारियों के साथ करते हुए कई महत्वपूर्ण समीक्षा की गई। जिलाधिकारी -सह- सदस्य सचिव, दिशा रिची पाण्डेय ने सांसद को पौधे का गमला देकर स्वागत किया। साथ हीं उप विकास आयुक्त पारितोष कुमार ने माननीय सदस्य बिहार विधान परिषद डॉ. प्रमोद कुमार, माननीय सदस्य बिहार विधान परिषद कुमार नागेन्द्र उर्फ रिंकु यादव, माननीय सदस्य बिहार विधान परिषद अनील कुमार, सदस्य बिहार विधान सभा घोषी क्षेत्र श्री रामबली यादव, माननीय सदस्य बिहार विधान सभा मखदुमपुर क्षेत्र सतीश कुमार को पौधे देकर स्वागत किया गया। साथ ही, बैठक का उद्घाटन सांसद महोदय, जिलाधिकारी एवं माननीयगणों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। बैठक में माननीय सांसद द्वारा अपने संबोधन में बताया गया कि जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा का मुख्य उद्देश्य है सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं का सही दिशा में सही समय पर क्रियान्वयन हो कर अच्छे से अनुपालन हो सके। माननीय सांसद ने बताया कि दिशा की बैठक प्रत्येक तीन महीनें पर आयोजित की जाए ताकि ससमय सरकार की क्रियान्वित योजनाओं का सही दिशा में अनुपालन हो सके। माननीय सांसद ने कंडिकावार प्रश्न एवं इस पर प्राप्त अनुपालन प्रतिवेदन जिला प्रशासन द्वारा तैयार पी.पी.टी. की प्रस्तुति को ध्यान से देखा तथा माननीय सदस्यगणों द्वारा आग्रह किया गया कि अनुपालन प्रतिवेदन में कोई त्रुटि रह गयी हो तो सदन में अवगत कराया जाए। बैठक में अनुपालन प्रतिवेदन के माध्यम से विभागवार/कंडिकावार अवगत कराया गया, जिस पर सभी उपस्थित सदस्यगण द्वारा संपुष्टि की गई। जिला पदाधिकारी द्वारा जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति के बारे में क्रमवार जानकारी दी गई, जिसकी समीक्षा माननीय अध्यक्ष एवं उपस्थित माननीय विधान सभा/परिषद सदस्यगणों तथा जनप्रतिनिधियों के द्वारा किया गया। सांसद महोदय द्वारा सभा में उपस्थित जिला स्तरीय पदाधिकारीगण को संबोधित करते हुए निर्देश दिया गया कि केंद्र प्रायोजित योजनाओं को संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारी से ससमय पूर्ण कराया जाए तथा जनप्रतिनिधिगण द्वारा उठाए गए प्रश्नों एवं दिए गए सुझाव तथा अनुशंसित योजनाओं को प्राथमिकता देते हुए अविलंब पूर्ण कराएं।

### शिक्षक संघर्ष मोर्चा का राज्य स्तरीय कार्यक्रम के तहत शिक्षक कन्वेंशन संपन्न



**जहानाबाद।** मंगलवार को स्थानीय माध्यमिक शिक्षक संघ भवन जहानाबाद में शिक्षक संघर्ष मोर्चा के बैनर तले मोर्चा के जिला संरक्षक राम उदय कुमार की अध्यक्षता में शिक्षकों का एक कन्वेंशन का आयोजन किया गया। अपने अध्यक्षीय भाषण में श्री कुमार ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा लाई गई बिहार अध्यापक नियुक्ति नियमावली शिक्षकों एवं शिक्षक अभ्यर्थियों की भविष्य से खिलवाड़ है। साथ ही सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के नाम पर नियोजित शिक्षकों को बेवकूफ बना रही है जबकि सरकारी विद्यालय में आधारभूत संरचना का घोर अभाव है। यहां तक कि बिना भवन के खुले आकाश में बच्चे पढ़ रहे हैं।साथ ही समान स्कूल प्रणाली लागू करने में सरकार विफल रही है। सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाकपा माले के राज्य स्थायी कमेटी के सदस्य श्री निवास शर्मा ने कहा कि जहां एक ओर केंद्र की सरकार पुरानी पेंशन को लागू करने से इंकार कर रही है वहीं दूसरी ओर शिक्षा का निजीकरण एवं भगवाकरण कर रही है। साथ ही नई शिक्षा नीति लाकर शिक्षा को कारपोरेट घरानों के हाथों में सौंपना चाहती है।आगे उन्होंने सरकार से समर्थन वापसी के मुद्दे पर कहा कि हम सरकार को समर्थन इसलिए दे रहे हैं ताकि भाजपा को सत्ता से दूर रखा जा सके।

# पिता को पकड़ने आई पुलिस ने किया बेटे को गिरफ्तार



**सासाराम।** जिले के दरिगांव थाने की पुलिस ने मंगलवार को पुलिस से हाथापाई एवं आरोपी को भगाने के मामले में सासाराम दक्षिणी के जिला पार्षद के बेटे मनीष कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सासाराम दक्षिणी की जिला पार्षद ममता देवी के पति रविंद्र सिंह को गिरफ्तार करने आई शिवहर जिले की पुलिस ने सोमवार रात जिला पार्षद के आवास पर छापेमारी की थी। पुलिस को रविंद्र सिंह नहीं मिले थे। रविंद्र सिंह के बेटे मनीष से पुलिस की हाथापाई हो गई थी। शिवहर पुलिस ने मनीष को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद शिवहर पुलिस ने मनीष को दरिगांव थाना को सौंप दिया। जिसके बाद उसे आज कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। दरिगांव थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि शिवहर जिले में नल-जल योजना के ठेकेदारी के मामले में दर्ज एफआईआर पर रविंद्र सिंह की गिरफ्तारी के लिए आई थी। स्थानीय थाने को सूचना के बाद शिवहर पुलिस ने रविंद्र सिंह के घर सोमवार रात छापेमारी की। लेकिन रविंद्र सिंह घर पर नहीं मिला। सर्च करते समय रविंद्र के बेटे मनीष की हाथापाई पुलिस के साथ हुई। जिसके बाद शिवहर थाने की पुलिस उसे गिरफ्तार कर लाई।

# सोन नदी में डूबने से किशोर की मौत, घर में मचा बवाल

केटी न्यूज/आरा





जिले के सहार थाना क्षेत्र के करवासीन गांव स्थित सोन नदी में डूबने से मंगलवार की दोपहर एक किशोर की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच काफी देर तक अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार मृत किशोर सहार थाना क्षेत्र के करवासीन गांव निवासी अशलेश साह का 15 वर्षीय पुत्र आशीष कुमार है एवं दसवीं कक्षा का छात्र था। इधर मृत किशोर के बड़े भाई संदीप कुमार ने बताया कि परिवार के सभी सदस्य चंडीगढ़ में रहकर प्राइवेट काम करते हैं। उसकी 28 मई को शादी हुई है। उसी को लेकर सभी लोग 23 मई को चंडीगढ़ से अपने गांव वापस लौटे थे। मंगलवार की दोपहर वह घर की कुछ लड़कियों के साथ गांव में ही स्थित सोन नदी किनारे नहाने गया था। जहां नहाने के दौरान वह सोन नदी में डूब गया। जब वह मौजूद घर की लड़कियों की नजर उस पर पड़ी तो उन्होंने देखा कि वह पानी में डूबा हुआ है और उसका हाथ नजर आ रहा है। जिसके बाद उन्होंने शोर मचाना शुरू किया। उनकी चिल्लाने की आवाज सुनकर वहां मौजूद स्थानीय ग्रामीण सोन नदी में कूद पड़े। इसके बाद उसे नदी से बाहर निकाला गया। इसके बाद परिजन द्वारा उसे आनन-फानन में संदेश रेफरल अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने देख उसे मृत घोषित कर दिया। इसके पश्चात परिजनों ने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना पाकर स्थानीय थाना मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम करवाया। बताया जाता है कि मृत किशोर अपने दो भाई व तीन बहन में सबसे छोटा था। मृत किशोर के परिवार में मां शकुन्ती देवी व तीन बहन पुष्पा देवी,राधा कुमारी,रजनी कुमारी एवं बड़ा भाई संदीप कुमार है। घटना के बाद मृत किशोर के घर में कोहराम मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृत किशोर की मां शकुन्ती देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## वी नीड फूड नॉट टोबेको है इस वर्ष की थीम, विभिन्न जानलेवा बीमारियों की जड़ है तंबाकू का सेवन

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जिले के शैक्षणिक संस्थानों में होंगे कई कार्यक्रम

केटी न्यूज/आरा



तम्बाकू सेवन बहुत सी गंभीर बीमारियों की जड़ है। इसलिए इसको रोकने और इसके बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए हर वर्ष 31 मई को पूरे विश्व में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। विश्व तंबाकू निषेध दिवस की थीम के रूप में ह्लवी नीड फूड नॉट टोबेकोह्ल को चुना है, जिसका तात्पर्य है कि हमें भोजन चाहिए, तंबाकू नहीं। जिला सहित पूरे राज्य में बच्चों में तंबाकू की बढ़ती लत चिंता का विषय है। इसे संज्ञान में लेते हुए अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार दीपक कुमार सिंह ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को पत्र लिखकर जिला के सभी शैक्षणिक संस्थानों में विभिन्न गतिविधियों को आयोजित करने का निर्देश दिया है।

आयोजित होंगी निम्न गतिविधियाँ:

सभी शैक्षणिक संस्थानों में तंबाकू के विरुद्ध शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। साथ ही इस वर्ष की थीम ह्लहमें भोजन चाहिए, तंबाकू नहींह्ल पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। शैक्षणिक संस्थानों के शिक्षकों/ कर्मियों एवं बच्चों द्वारा जन-मानस को तंबाकू के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक करने के लिए प्रभात फेरी/ जागरूकता रैली का आयोजन किया जायेगा।

**विभिन्न जानलेवा बीमारियों की जड़ है तंबाकू का सेवन:** तम्बाकू सेवन बहुत सी नुकसानदायक बीमारियों की जड़ है। कैंसर जैसी बीमारी भी तम्बाकू के सेवन से ही होती है। फेफड़ों की बीमारियां जैसे क्रोनिक ब्रोंकाइटिस व एम्फिसेमा होने की मुख्य वजह धूम्रपान ही है। क्रोनिक यानी लम्बे समय तक धूम्रपान करने से फेफड़े एवं सांस की नली के कैंसर होने की संभावना ज्यादा होती है। दुनिया में कैंसर से होने वाली मौतों में फेफड़े के कैंसर के मरीजों की संख्या ज्यादा है। जिसकी मुख्य वजह अत्यधिक धूम्रपान का करना ही होता है। गुटका, जर्दा, खैनी आदि के सेवन से मुंह का कैंसर(ओरल कैंसर) की संभावना बनी रहती है। सार्वजनिक स्थानों पर तंबाकू सेवन रोकने के लिए सरकार द्वारा बनाया गया है कानून : तम्बाकू उत्पादों का सेवन सार्वजनिक स्थानों पर रोकने के लिए सरकार द्वारा तंबाकू नियंत्रण अधिनियम कोटपा लागू किया गया है। कोटपा के तहत सार्वजनिक स्थानों पर तंबाकू का इस्तेमाल करते हुए पकड़े जाने पर लोगों को धारा 4, 5, 6 तथा 7 के तहत कानूनी कार्यवाही व आर्थिक दंड वसूला जा सकता है।

### तम्बाकू नियंत्रण अधिनियम (कोटपा) के तहत तय किया गया कानून

- सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने पर 200 रुपये की जुमार्ना देय है (धारा - 4)
- तम्बाकू पदार्थों के प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष विज्ञापन पर 1 से 5 साल की कैद व 1000 से 5000 तक का जुमार्ना देय है (धारा- 5)
- 18 वर्ष से कम आयु वर्ग के अवयस्कों को तम्बाकू पदार्थ बेचने वालों को 200 रुपये जुमार्ना लगाया जाता है (धारा- 6)
- बिना चित्रित व पैकेट के 85 प्रतिशत भाग पर मुख्य रूप से न छपे वैधानिक चेतावनी के तम्बाकू पदार्थ बेचने पर 2 से 5 साल की कैद व 1000 से 10000 तक जुमार्ना लगाया जा सकता है (धारा- 7)

# बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवाना... मांगलिक आयोजन में लग रहा प्रत्याशियों का जमघट

- समस्याओं के सवाल पर चुप्पी साध मतदाताओं के रहनुमा के रूप में खुद को पेश कर लुभाने का हो रहा प्रयास

**रजनी कांत दूबे/डुमरांव**



डुमरांव नगर परिषद का चुनाव नजदीक आते ही प्रत्याशियों का प्रचार अभियान युद्ध स्तर पर पहुंच गया है। अहले सुबह से लेकर देर रात तक प्रत्याशी मतदाताओं को लुभाने का प्रयास कर रहे हैं। खासकर शादी विवाह के इस मौसम में जिसके घर तिलक या विवाह जैसा मांगलिक आयोजन हो रहा है, वहां प्रत्याशियों का जमघट लग रहा हैं। अपने-अपने समर्थकों के साथ प्रत्याशी घंटों वहां रूककर मेहमानों की आवभगत करते देखे जा रहे हैं। प्रत्याशी शाम ढलने से पहले ही वैसे लोगों के दरवाजे पर दस्तक दे रहे हैं जिनके घर शादी विवाह हो रहा हैं। इस दौरान मेहमानों जलपान से लेकर भोजन कराने तक अपनी सक्रियता दिखा रहे हैं। प्रत्याशियों की यह कवायद बेगानी शादी में अब्दुला दीवाना की कहावत को चरितार्थ कर रही हैं। ऐसा कर वे यह दिखाने का प्रयास कर रहे हैं कि वे सामाजिक कार्यों में काफी सक्रिय हैं, जबकि आम लोगों को बखूबी पता हैं कि यह सिर्फ चुनावी हथकंडा है। चुनाव बीतने के बाद अगले पांच वर्षों तक शायद ही किसी से मुलाकात हो। लिहाजा लोग प्रत्याशियों की इस कवायदों का लुफ्त उठा रहे हैं।

### युद्ध स्तर पर चल रहा है प्रचार अभियान

इधर, चुनाव नजदीक आते ही प्रत्याशी तथा उनके समर्थक युद्ध स्तर पर चुनाव का प्रचार अभियान चला रहे हैं। अहले सुबह से देर रात तक प्रत्याशी तथा उनके समर्थक लोगों के घर जाकर वोट देने की अपील कर रहे हैं। प्रत्याशी हर हाल में अधिक से अधिक मतदाताओं को अपने पक्ष में करने का प्रयास कर रहे हैं। वादों और कसमों का दौर जारी हैं। बावजूद आम मतदाता अभी तक अपना पत्ता नहीं खोले हैं। वोटरों की इस चुप्पी से प्रत्याशियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। राजनीतिक प्रेक्षकों की मानें तो समस्याओं के मकड़जाल में फंसी डुमरांव की जनता इस बार अपने वोट के चोट से बड़बोड़े तथा चुनाव के बाद जनता के बीच से गायब रहने वाले प्रत्याशियों को सबक सिखाने की ठान चुकी हैं। बता दें कि नगर पंचायत से नगर परिषद बनने के बावजूद डुमरांव की मुलभूत समस्याएं ज्यों की त्यों बनी हुई हैं। बिजली, पानी, सड़क, नली, गली, शौचालय, सफाई जैसी समस्याएं सिर्फ अखबारों की सुर्खियां बनती रही हैं। खासकर टेक्सटाईल कॉलोनी, चाणक्यां कालोनी, शिवपुरी, भोजपुर राजवाहा के आस पास बने नई कॉलोनियों में नगर परिषद द्वार जलनिकासी तक का इंतजाम नहीं किया जा सका हैं। इन इलाकों के लोग न सिर्फ बरसात बल्कि साल के अधिकांश समय जलजमाव व कीचड़ से घिरे रहते हैं। जिस कारण इस बार उनमें गहरा आक्रोश हैं। समस्याओं पर स्थानीय नप प्रशासन की चुप्पी इस बार कई पुराने पार्षदों पर भारी पड़ सकती है। देखना है जनता की चुप्पी का मतदान तथा परिणाम पर क्या असर पड़ रहा हैं। फिलहाल जनता की यह चुप्पी प्रत्याशियों को रास नहीं आ रही है।

## खबरें फटाफट

### सड़क दुर्घटना में होमगार्ड जवान जख्मी, गंभीर

**डुमरांव।** सोमवार की रात एनएच 922 पर प्रतापसागर व दलसागर के बीच अज्ञात वाहन के धक्के से एक होमगार्ड जवान जख्मी हो गया हैं। प्राथमिक इलाज के बाद परिजनों द्वारा बेहतर इलाज के लिए उसे वाराणसी के ट्रामा सेंटर भर्ती कराया गया हैं। जहा गंभीर अवस्था में उसका इलाज चल रहा है। जख्मी जवान की पहचान सिकरौल थाना क्षेत्र के रेंका गांव निवासी ललन यादव के पुत्र सुमन कुमार के रूप में हुई हैं। बताया जाता है कि वह होमगार्ड का जवान है तथा बक्सर में ही कही उसकी पोस्टिंग हैं। सोमवार की रात वह बक्सर से अपने गांव बाइक से लौट रहा था। इसी दौरान एनएच 922 पर किसी अज्ञात वाहन ने उसके बाइक में धक्का मार दिया। पारिवारिक सूत्रों की मानें तो उसकी हालत गंभीर बनी हुई हैं। गौरतलब है कि फोरलेन बनने के बाद एनएच 922 पर सड़क दुर्घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं।

### बाइक की टक्कर से स्कूल जा रही छात्रा जख्मी

**डुमरांव।** मंगलवार की सुबह नगर के ठठेरी बाजार मोड़ के पास एक तेज रफ्तार बाइक के धक्के से एक छात्रा गंभीर रूप से जख्मी हो गई। जख्मी छात्रा को राहगीरों तथा उसकी सहेलियों ने इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद डाक्टरों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। जख्मी छात्रा की पहचान कसिया गांव के पिंटू कुमार की पुत्री रंभा कुमारी के रूप में हुई हैं। जानकारी के अनुसार वह प्रतिदिन की भांति अपने गांव से साइकिल से राजगढ़ स्थित महारानी उषारानी बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय में पढ़ने आ रही थी। इसी दौरान ठठेरी बाजार मोड़ के पास एक तेज रफ्तार बाइक चालक ने उसे धक्का मार दिया। जख्मी छात्रा के पिता पिंटू के बयान पर बाइक नंबर बीआर 44क्यू, 4173 के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है।

### औद्योगिक थाना क्षेत्र के मारूति नगर मोहल्ले की है घटना, लोगों में दहशत

# खिड़की उखाड़ पूर्व अधिकारी के घर चोरी, चार लाख की संपति ले उड़े चोर

- घर में रखे सोने चांदी के आभूषण, कपड़े, कीमती सामान की चोरी
- घर से थोड़ी दूरी पर चोरों द्वारा चुराया गया अटैची व बैग लावारिश हालत में मिला, उसमें रखे गहने व कीमती सामान गायब थे

**केटी न्यूज/बक्सर**



औद्योगिक थाना क्षेत्र के मारूति नगर मोहल्ले में चोरों ने एक घर में भीषण चोरी की घटना को अंजाम दिया है। घर के पीछे की खिड़की उखाड़ चोरों ने घर में रखे सोने चांदी के आभूषण, कपड़े, कीमती सामान समेत कुल चार लाख रूपए मूल्य के सामानों की चोरी कर ली है। घरवालों को सुबह में जब नींद खुली तो टूटी खिड़की व बिखरे सामानों को देख चोरी की बात समझ में आई। घरवालों ने जब पड़ताल शुरू की तो थोड़ी दूर पर चोरों द्वारा चुराया गया अटैची व बैग लावारिश हालत में मिला, जबकि उसमें रखे गहने व कीमती सामान गायब थे। इसके बाद पीड़ित ने स्थानीय औद्योगिक थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया है। एफआईआर दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार मूलरूप से सिमरी थाना क्षेत्र के दुल्लपुर गांव के रहने वाले तथा झारखंड के कोल माइंस में अधिकारी के पद से रिटायर्ड होने वाले किशोर सिंह ने बक्सर औद्योगिक थाना क्षेत्र के मारूति नगर में अपना नया घर बनाए हैं। रात में किशोर अपने परिजनों के साथ खाना खाकर सो गए थे। देर रात अज्ञात चोर पिछले हिस्सें की खिड़की को उखाड़ घर में प्रवेश किए तथा नगदी, कपड़े, कीमती सामान तथा आभूषण चुरा लिए है। गृहस्वामी की मानें तो चोरों ने चार लाख रूपए मूल्य की संपति चुराई है। चोरी की इस वारदात के बाद शहरवासियों में चोर उचक्कों का खौफ गहरा गया है। चोरों के भय से लोग रतजगा करने को मजबूर हो रहे है। औद्योगिक थाने के थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि



इस वारदात में शामिल चोरों का पता लगाया जा रहा हैं।

**लगातार बढ़ रही है चोरी की घटनाएं:** बता दें कि जिलेभर में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। पिछले महीने ही डुमरांव के बड़े व्यवसायी मनीष कुमार बजाज के बंद घर का ताला तोड़ चोरों ने पांच लाख से अधिक के आभूषण तथा अन्य सामानों की चोरी कर ली थी। वही हाल के दिनों में बक्सर, राजपुर आदि थाना क्षेत्रों में भीषण चोरी की घटनाएं हो चुकी है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे है। खासकर पुलिस की रात्रि गश्त सवालों के घेरे में आ गई है।

### वामन चेतना मंच के जिला सचिव की बाइक चोरी

वहीं नगर थाना क्षेत्र के खुशी मैरेज हॉल के सामने से वामन चेतना मंच के जिला सचिव दयानंद उपाध्याय की बाइक अज्ञात चोरों ने चुरा ली है। पीड़ित ने नगर थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया है। पुलिस को दिए आवेदन में दयानंद ने बताया है कि वे खुशी मैरेज हॉल के बाहर अपनी बाइक खड़ी कर एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। वहा से लौटने पर बाइक नदारद थी। नगर थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। जल्दी ही चोरी की इस वारदात का उद्भेदन कर लिया जाएगा।

## एक नजर

### केसठ में शुरू हुई कचरा उठाव शुल्क की वसूली



**केसठ।** लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान फेज 2 के तहत प्रखंड के तीनों पंचायतों में डोर टू डोर कचरा उठाव के एवज में शुल्क वसूली शुरू हो गई है। इसके तहत प्रत्येक घरों से 30-30 रुपया कचरा उठाने का शुल्क वसूलने जाने लगा है। स्वच्छता अभियान के स्वच्छता पदाधिकारी सह बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा ने बताया कि इस शुल्क से कचरा प्रसंस्करण इकाई से जुड़े कर्मियों के मजदूरी का भुगतान एवं कचरा उठाने में आने वाले खर्च की भरपाई की जाएगी। बीडीओ ने बताया कि स्वच्छता की ओर गांव तेजी से बढ़ रहे हैं। डोर टू डोर कचरा उठाव में गांव के लोग अपना सहयोग भी से रहे हैं। गांवों की तस्वीर और लोगों की सोच में सकारात्मक बदलाव आया है। स्वच्छता अभियान के साथ गांवों की विधि व्यवस्था और रूप रेखा बदलने लगी है। बता दे कि प्रखंड में कुल 3 पंचायतें हैं। तीनों पंचायतों में स्वच्छता अभियान चल रहा है। यहां डोर टू डोर कचरा उठाव के बाद उसके प्रबंधन की भी व्यवस्था भी की जा रही है, साथ ही उन्होंने बताया की स्वच्छता अभियान अब गांव के हर व्यक्ति के जीवन का हिस्सा बन गया है। हर किसी की चाहत है कि उनका घर और गांव स्वच्छ व सुंदर दिखे। अभियान को पूर्ण रूप से सफल बनाने के उद्देश्य से प्रशासन एक रुपया प्रतिदिन के हिसाब से प्रत्येक घर से प्रति माह तीस रुपया वसूली का लक्ष्य निर्धारित किया है। बीडीओ ने कहा कि ये शुल्क सभी को देना अनिवार्य है। कचरा उठवा की शुल्क नहीं देने वाले लोगों के घर से कचरा उठाव बंद कर दी जाएगी। वही उनके विरुद्ध करवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि ये शुल्क ग्राम पंचायत के विकास के लिए ही वसूली जा रही है। इसी शुल्क से ही स्वच्छता कर्मियों के उपकरण भी दी जाएगी। मौके पर स्वच्छता पर्यवेक्षक संजय बारी, प्रदीप कुमार, अयोध्या पासवान, प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी शिव शंकर सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

### गोलंबर पर उस्ताद बिस्मिल्ला खां की प्रतिमा लगाने के लिए डीएम को सौंपा मांगपत्र



**बक्सर।** भारत रत्न तथा विश्व प्रसिद्ध शहनाई वादक उस्ताद बिस्मिल्लाह खां की बक्सर गोलंबर पर प्रतिमा लगाने के लिए डीएम अंशुल अग्रवाल को जदयू नेताओं ने मांग पत्र सौंपा है। जदयू सांस्कृतिक प्रकोष्ट के प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद उपाध्याय उर्फ मंटू उपाध्याय के नेतृत्व में यह मांगपत्र सौंपा गया हैं। मांगपत्र के माध्यम से नगर के गोलंबर पर भूमि उपलब्द्ध कराने की मांग की गई है। जिससे शहनाई वादन के क्षेत्र में पूरे विश्व में स्थान रखने वाले भारत रत्न सम्मान से सम्मानित बिस्मिल्लाह खां की प्रतिमा स्थापित की जा सके। बता दें कि विस्मिल्लाह खां मूलरूप से जिले के डुमरांव के रहने वाले हैं। उन्हें शहनाई के जादूगर के रूप में भी जाना जाता हैं। बावजूद उनके अबाई वतन पर उनकी एक भी स्मृति शेष नहीं है।

### सोनवर्षा में व्यवसायी के घर से हजारों रुपए का सामान चुरा ले भागे चोर

**नावानगर।** सोनवर्षा ओपी के स्थानीय गांव के घर में दिन में ही घुसकर चोरों ने हजारों रुपये के आभूषण व नगदी चुरा ले भागने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में पीड़ित व्यवसायी धंजी यादव ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध ओपी में एफआईआर दर्ज कराया है। दर्ज एफआईआर में पीड़ित व्यवसायी ने बताया है कि वह योगियां गांव निवासी हैं। सोनवर्षा बाजार पर किराए के मकान में परिवार के साथ रहते हैं। साथ ही बाजार में दुकान का भी संचालन करते हैं। सोमवार को पीड़ित व्यवसायी छोड परिवार के सभी सदस्य शादी समारोह में शामिल होने चले गए थे। जब वे चार बजे दिन में दुकान बंद कर घर गए, तो उनके घर का मुख्य दरवाजा खुला हुआ था। घर के अंदर पहुंचे तो एक कमरे का सभी समान बिखरा हुआ था। कमरे में रखा एक बक्सा टूटा पड़ा था। बक्से में रखा एक चांदी का पायल, सोना का एक बाली, एक जियुतिया तथा अन्य कुछ और आभूषण व पांच हजार रुपया गायब था। बताया कि चोर घर का दरवाजा तोड़ कर एक रुम का सभी सामान चुराकर ले भागे हैं।

### चौकीदार के पुत्र का शव पहुंचते मचा कोहराम

**नावानगर।** स्थानीय गांव के चौकीदार सुदामा पासवान के पुत्र का शव पहुंचते ही घर में कोहराम मच गया। चौकीदार के 18 वर्षीय पुत्र उमेश कुमार की मृत्यु नागपुर रेल दुर्घटना में हो गई थी। बताया जाता है कि मृतक चौकीदार का सबसे छोटा पुत्र था। जो एक सप्ताह पूर्व अपने मित्रों के बुलाने पर नागपुर की एक कंस्ट्रक्शन कंपनी में नौकरी करने के लिए गया था। दो दिन कम्पनी में काम करने के बाद काम पसंद नही आया तो वह दोस्तों से गांव वापस जाने की बात कह नागपुर स्टेशन पर ट्रेन पकड़ने आ गया था। जहां रविवार को ट्रेन पकड़ने के दौरान पैर फिसल जाने से ट्रेन के नीचे चला गया। जिससे उसकी घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी दोस्तों को तब चली जब उसके दोस्तों ने उसके मोबाइल पर फोन कर जानकारी लेनी चाही। नागपुर जीआरपी द्वारा उसके रेल दुर्घटना में मृत्यु हो जाने की खबर दी। जिसके बाद इसकी जानकारी स्थानीय थाना नावानगर व परिजनों को दी गई। मृतक युवक चार भाइयों में सबसे छोटा था।

# आर्केस्ट्रा की डांसर से घिनौनी हरकत, तीन पर मामला दर्ज

**केटी न्यूज/डुमरांव**

नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र की एक किषोरी के साथ घिनौनी हरकत किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता के पिता ने स्थानीय थाने में तीन युवकों के खिलाफ पॉस्को एक्ट में एफआईआर दर्ज कराया है। जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आर्केस्ट्रा संचालक समेत दो को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि तीसरे आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही हैं। जानकारी के अनुसार औद्योगिक थाना क्षेत्र के दलसागर गांव निवासी लक्ष्मण पासवान का पुत्र श्रवण कुमार, नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के प्रतापसागर गांव निवासी बिहारी महतो का पुत्र नागेन्द्र कुमार तथा चंदा गांव का हरेकृष्ण यादव आर्केस्ट्रा का संचालन करते हैं। तीनों उक्त किशोरी को अपने आर्केस्ट्रा में डांसर बनाने का झांसस देकर अपने साथ ले गए थे। लेकिन उसकी आड़ में तीनों द्वारा किशोरी से घिनौनी हरकत की जा रही थी। किशोरी द्वारा परिजनों को आपबीती बताने के बाद उसके पिता ने नया भोजपुर ओपी थाने में तीनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया। पुलिस ने श्रवण कुमार और नागेन्द्र कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि हरेकृष्ण यादव फरार है। एसडीपीओ अफाक अंसारी ने बताया कि किशोरी के पिता की शिकायत पर मामला दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंन कहा कि तीसरे की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### चार लिटर शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**डुमरांव।** नगर निकाय चुनाव से पहले डुमरांव पुलिस शराब तस्करी को रोकने के लिए काफी सक्रिय हो गई हैं। पिछले 24 घंटे के अंदर पुलिस ने दो जगहों से शराब बरादम करने के साथ ही एक तस्कर को गिरफ्तार किया हैं, जबकि तस्कर की बाइक भी जब्त की गई हैं। जानकारी के अनुसार पुलिस ने गुप्त सूचना पर थाना क्षेत्र के नंदन गांव के पास से बाइक पर शराब की होम डिलीवरी देने जा रहे मुरार थाना क्षेत्र के अमसारी गांव निवासी स्व बच्चन यादव के पुत्र भोला यादव को चार लिटर देशी महुआ शराब के साथ पकड़ा। दूसरी तरफ नगर के फूलचंद कानू पथ स्थित ट्रांसफार्मर के पास कूड़े कचरे के बीच छिपा कर रखी गई 83 पीस शराब को भी पुलिस ने बरामद किया हैं। हालांकि कारोबारी की पहचान नहीं हो सकी है।

# एमवी कॉलेज के अतिथि शिक्षकों की आपसी खींचतान से नाराज विद्यार्थी परिषद ने निकाला आक्रोश मार्च

**केटी न्यूज/बक्सर**

एमवी कॉलेज बक्सर के अतिथि शिक्षकों द्वारा एक दूसरे पर छिंटाकसी किए जाने से कॉलेज का शैक्षणिक माहौल खराब हो रहा है। जिससे नाराज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्रों ने मंगलवार को आक्रोश मार्च निकाला तथा आक्रोश सभा की। आक्रोश मार्च कॉलेज परिसर से निकला तथा शहर के विभिन्न इलाकों का भ्रमण करते हुए पुनः कॉलेज के प्रशासनिक भवन पहुंच सभा में तब्दील हो गया। जिसे संबोधित करते हुए विभाग संयोजक त्रिभुवन पाण्डेय ने कहा कि महाविद्यालय में कार्यरत अतिथि शिक्षकों के द्वारा जिस तरह का ये शर्मनाक कृत्य किया गया है इससे महाविद्यालय की प्रतिष्ठा को चोट पहुंची हैं। हम सब महाविद्यालय के छात्र इस घटना से शर्मिंदा है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सदैव ही महिला के सम्मान में खड़ा रहता है। सरकार के द्वारा चलाए गए मिशन बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का आखिर क्या अर्थ है, जब महाविद्यालय में महिला प्रोफेसर ही असुरक्षित है। महाविद्यालय की उपाध्यक्ष निधि कुमारी ने कहा कि महाविद्यालय परिसर में इस तरह का




कृत्य अक्षम्य है। दोषियों पर तत्काल प्रभाव से विभागीय कारवाई करके दंडित किया जाना चाहिए। आंदोलन के परिणामस्वरूप महाविद्यालय प्रशासन के द्वारा ये लिखित रूप में आश्वासन दिया गया कि 48 घंटे के भीतर महाविद्यालय प्रशासन के द्वारा जांच कमेटी का गठन करके अपनी रिपोर्ट दी जाएगी। मौके पर छात्रसंघ के संयुक सचिव कुश पाण्डेय, विभाग सह संयोजक अविनाश पाण्डेय, जिला संयोजक अमित केसरी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गोल्डी कुमारी, रवि रंजन पासवान, पूजा कुमारी, आंचल कुमारी, अभिनंदन मिश्र व अन्य

### एनबीएस के लिए सभी प्रखंडों के चयनित किए जायेंगे गांव, लोगों को जागरूक करने के लिए चलाया जाएगा प्रचार अभियान

# फाइलेरिया उन्मूलन के लिए 15 से जिले में शुरू होगा नाइट ब्लड सर्वे

**केटी न्यूज/बक्सर**

फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले में फाइलेरिया के नए मरीजों की खोज की जाएगी। इसके लिए 15 जून से जिले में नाइट ब्लड सर्वे की शुरूआत की जानी है। सर्वे में लोगों के रक्त के नमूने लिए जाएंगे और इसमें फाइलेरिया परजीवी की मौजूदगी का पता लगाया जाएगा। राज्य स्तरीय स्वास्थ्य अधिकारियों के निर्देश पर सर्वे से पूर्व जिला के सभी प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के लैब टेक्नीशियनों के लिए आवश्यक प्रशिक्षण दिया जाना है। जिसके लिए जिला स्तर पर मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण देने की तैयारी की जा रही है। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से सभी प्रखंडों के लैब ट्रेनिंग का आयोजन



किया गया। इसमें विभिन्न प्रखंडों के लैब टेक्नीशियन को शामिल किया जाना है। जिसमें लैब टेक्नीशियन को बताया जाएगा कि नाइट ब्लड सर्वे के दौरान किस प्रकार खून के सैंपल लेने है और किस प्रकार से माइक्रोस्कोप में जांच करनी है।

**प्रत्येक साइट लिए जायेंगे 300 ब्लड सैंपल:** जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ शैलेंद्र कुमार ने बताया कि जिला में 15 जून से नाइट ब्लड सर्वे होगा। इसके लिए लैब टेक्नीशियन का एक प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया जाएगा, जो दो दिन चलेगा। प्रशिक्षण में दो बैच बना कर लैब टेक्नीशियनों को ट्रेनिंग दी जा जाएगी। उन्होंने बताया 11 प्रखंड के सामुदायिक तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों सहित आठ शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर नाइट ब्लड सर्वे कार्य होगा। इसके लिए सभी प्रखंडों व शहरी क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एरिया में दो सेशन साइट बनेगें। एक सेशन साइट से तीन सौ रक्त नमूने लिए जाएंगे। उन्होंने बताया नाइट ब्लड सर्वे का कार्य चार दिनों तक चलेगा। प्रत्येक नाइट ब्लड सर्वे में 20 वर्ष आयु वर्ग से अधिक उम्र के लोगों के ब्लड सैंपल लिए जाएंगे। एक नाइट ब्लड सर्वे साइट पर 300 सैंपल जमा होगें। दो सेशन साइट से छह सौ रक्त के नमूने जांच के लिए लिए जाएंगे।

**माइक्रोफाइलेरिया पाए जाने पर चलेगा एमडीए अभियान:** डॉ. कुमार ने बताया, सर्वे के दौरान जिन इलाकों व गांवों में एक प्रतिशत से अधिक माइक्रोफाइलेरिया के संक्रमण की पुष्टि होगी वहां पर पर मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) अभियान चला जाएगा। एक प्रतिशत से कम आने पर उस जगह पर एमडीए अभियान नहीं चलेगा। उन्होंने बताया कि इस बीमारी में लक्षणों की पहचान बेहद जरूरी है। जिसकी जानकारी सभी लोगों को होनी चाहिए। कई दिन तक रुक-रुक कर बुखार आना, शरीर में दर्द एवं लिम्फ नोड (लसिका ग्रंथियों) में सूजन, हाथ, पैरों में सूजन (हाथी पांव) एवं पुरुषों के अंडकोष में सूजन (हाइड्रोसील) तथा महिलाओं के ब्रेस्ट में सूजन, पहले दिन में पैरों में सूजन रहती है और रात में आराम करने पर कम हो जाती है। संक्रमित व्यक्ति में बीमारी के लक्षण पांच से 15 साल तक में दिख सकते हैं। जिसके कारण इसका पता लोगों को देर से चलता है।

**बचाव के लिए ये करें:** लक्षण दिखाई देने पर समय से जांच कराकर इलाज शुरू कर दें। फाइलेरिया की दवा का सेवन पांच वर्ष तक हर साल कर बचा जा सकता है। फाइलेरिया के मच्छर गंदी जगह पर पनपते हैं। इसलिए मच्छरों से बचाव करें। रात में सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें।

## खबरें फटाफट

### डंफर व अल्ट्रो कार की आमने-सामने टक्कर में आधा दर्जन लोग घायल

**गाजीपुर।** मरदह थाना क्षेत्र के मऊ-गाजीपुर राष्ट्रीय राजमार्ग करदह कैथवली नवपुरा गांव के सामने सै आईसीसीय्यद बाबा स्थान के पास डंफर व अल्ट्रो कार की आमने-सामने जोरदार टक्कर में आधा दर्जन लोग घायल हो गए। मालूम हो कि स्थानीय विद्युत उप खंड के आधा दर्जन निविदा व संविदा कर्मचारी कार में सवार होकर मरदह राष्ट्रीय राजमार्ग से बिजली चेंकिग अभियान में रायपुर बाघपुर गांव जा रहे थे। सोमवार की दोपहर दो बजे जैसे ही वह नवपुरा बस्ती स्थित सैय्यद बाबा स्थान पर पहुंचे थे कि सामने से आ रही डम्फर ने जोरदार टक्कर मारकर मौके से भाग गया। कार सवार लोगों की चीख-पुकार सुनकर अगल-बगल के लोग मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद सभी लोगों को उपचार के लिए निजी अस्पताल मऊ में भर्ती कराया, जहां इलाज चल रहा है। घायलों में गामा यादव (38) बढ़ुआ गोदाम, विवेक राजभर -22 पीपनार, संजय यादव- 24 अधंऊ, चालक गोलू सिंह -30 तारनपुर, शिवराज भारद्वाज -36 बहलोलपुर, अजीत चौबे -33 टोडरपुर गांव घायल हो गए। आमने-सामने जोरदार टक्कर में कार के परखच्चे उड़ गए। इधर घटना की जानकारी मिलने पर बिजली विभाग के कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। सूचना पर विभाग के जेई, एक्सईएन सहित पुलिस पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गई। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्र ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। तहरीर मिलने के बाद विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### रेलवे अंडर पास पच्चीस जून से होगा बंद

**गाजीपुर।** रेलमार्ग मार्ग के दोहरीकरण कार्य को दृष्टिगत रखते हुए, औड़िहार-भटनी रेल मार्ग पर, सादात व जखनियां रेलवे स्टेशन के मध्य मजुई-शादियाबाद सड़क मार्ग पर बने रेलवे अंडरपास को आगामी 25 जून से एक माह के लिए पूर्णत: बंद किया जाएगा।
उपजिलाधिकारी जखनियां आशुतोष श्रीवास्तव और आरबीएनएल के अधिकारियों ने इस अंडरपास सहित अन्य रेलवे गेटों का सोमवार को निरीक्षण किया। इस संबंध में आरबीएनएल के इंजीनियर एनके उपाध्याय ने बताया कि इस रेलवे मार्ग के दोहरीकरण कार्य को देखते हुए अंडरपास के सब-वे चौड़ीकरण व रोड का स्लोप सही ढंग से बनाया जाना आवश्यक है। इसके लिए मजुई शादियाबाद मार्ग का यह अंडरपास 25 जून से एक माह के लिए बंद रहेगा। उपजिलाधिकारी आशुतोष श्रीवास्तव ने उक्त मार्ग से लेकर बापू इंटर कालेज सादात के पास स्थित रेलवे गेट का निरीक्षण किया।
उन्होंने बताया कि इस दौरान सभी प्रकार के छोटे वाहन बापू इंटर कालेज रेलवे गेट से आवागमन करेंगे। कहा कि बड़े वाहन जो गाजीपुर की तरफ आएंगे। वह शादियाबाद से मुड़ जाएंगे, वहीं बहरियाबाद के तरफ से आने वाले बड़े वाहन मजुई चौराहा से मुड़ जाएंगे। इस मौके पर थानाध्यक्ष शैलेष कुमार मिश्रा, मुनीन्द्र कुमार आरबीएनएल मैनेजर सिविल, राधेश्याम उपाध्याय रेजिडेंटल इंजीनियर आदि मौजूद रहे।

# आस्था का प्रतीक : गंगा दशहरा के अवसर पर लोगों ने लगाई आस्था की डुबकी

❒ गंगा तटों पर पहुंचे श्रद्धालुओं ने न केवल स्नान किया बल्कि विधि विधान से मां गंगा का पूजन अर्चन भी की

**बलिया।** पतित पावनी मां गंगा के अवतरण दिवस यानि गंगा दशहरा के पावन अवसर पर जनपद बलिया के विभिन्न क्षेत्र स्थित गंगा तटों पर श्रद्धालुओं ने नदी गंगा में आस्था की डुबकी लगाता। मंगलवार के दिन भगवान भास्कर की प्रथम किरण फूटने से पूर्व से ही श्रद्धालु गंगा तट पर पहुंचने लगे। गंगा दशहरा और निर्जला एकादशी के शुभ अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने नदी गंगा में डुबकी लगाता। महावीर घाट,शिवरामपुर घाट,माल्देपुर घाट,उजियार



घाट,पचरुखिया घाट,गंगापुर घाट सहित विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं ने नदी गंगा में स्नान कर दान पुण्य किया।महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग आस्था के स्नान के लिए पहुंचे।गंगा तटों पर पहुंचे श्रद्धालुओं ने न केवल स्नान किया बल्कि विधि विधान से मां गंगा का पूजन अर्चन भी किया ।बीते 22 मई को बलिया के माल्देपुर नदी गंगा में हुए नाव हादसे के बाद पुलिस एलर्ट मोड में है।गंगा दशहरा के अवसर पर नदी गंगा के विभिन्न घाटों पर पुलिस बल मुस्तैद रहा।बता दें कि बीते 22 मई को माल्देपुर में मुण्डन संस्कार के दौरान नदी गंगा में नाव हादसा हो गया था।जिसमें चार लोगों की मौत हो गयी थी।नाव हादसे के बाद पुलिस प्रशासन मुण्डन संस्कार सहित पर्व के मौके पर चौकन्ना है।

## गंगा दशहरा पर स्नान करने पहुंचा युवक, डूबने से हुई मौत

**बलिया।** हल्दी थाना क्षेत्र अंतर्गत गंगा नदी के मझौवां घाट पर नहाने समय डूबने से एक युवक की मौत हो गयी। हादसे से युवक की रिश्तेदारी व परिवार में कोहराम मचा हुआ है। वहीं, पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है।

बिहार राज्य के सारण छपरा अंतर्गत माझी थाना क्षेत्र के घोरहट, मठिया निवासी सुमीत भारती (18) पुत्र सोना लाल भारती हल्दी थाना क्षेत्र के मझौवां गांव स्थित अपनी बुआ के घर आया था। गंगा दशहरा पर मंगलवार की सुबह सुमीत अपने फूफा हरिकृष्ण उर्फ बेचू गिरी के साथ गंगा स्नान करने गया, जहां नहाते वक्त गहरे पानी में जाने की वजह से वह डूबने लगा। आस-पास के लोगों ने बचाने का प्रयास किया, लेकिन देर हो चुकी थी।

## कस्तूरबा विद्यालयों की स्थिति सुधारने का कड़ा निर्देश, बलिया के जिलाधिकारी ने दिया निर्देश

# बीईओ और डीसी को डीएम ने जारी किया नोटिस

■ डीएम ने जिला अनुश्रवण समिति व एमडीएम टास्क फोर्स की ली बैठक



**बलिया।** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार सोमवार को कलेक्ट्रेट के सभागार में जिला अनुश्रवण समिति व एमडीएम टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक के दौरान कमियां मिलने पर एक खंड शिक्षा अधिकारी और एक जिला समन्वयक को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश बीएससी मनिराम सिंह को दिया। साथ ही अन्य सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को स्थिति में सुधार लाने की चेतावनी दी।

समीक्षा के दौरान पाया गया कि पिछले माह गड़वार के खंड शिक्षा अधिकारी ने मात्र सात स्कूलों का औचक निरीक्षण किया है। इस पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताते हुए बीएसए को निर्देश दिया कि वह संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करें।

डीएम ने प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों के नामांकन, डीवीटी आदि की जानकारी चाही, जिला समन्वयक सौरभ गुप्त संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। इस पर एतराज जताते हुए डीएम ने उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने व स्थिति में सुधार न होने पर सेवा समाप्त करने का निर्देश बीएसए को दिया।

डीएम ने कहा कि जिले के कस्तूरबा विद्यालयों की स्थिति खराब है। सुधार के लिए खंड शिक्षा अधिकारी प्रतिदिन विद्यालयों का निरीक्षण करें। छात्राओं व अध्यापकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। इन विद्यालयों में अवस्थापना से संबंधित जो भी कमियां है उसकी लिखित जानकारी उपलब्ध कराई जाए।

उन्होंने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्कूल खुलते ही व्यवस्थाएं सुधार लें। शिक्षकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति, शिक्षण सामग्री का उपयोग, साफ-सफाई आदि ठीक-ठाक कर लें अन्यथा की स्थिति में कार्रवाई के लिए शासन को पत्र लिख दिया जाएगा। डाइट मेंटर्स, एआरपी, एसआरजी को भी निर्धारित लक्ष्य के अनुसार विद्यालयों का निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया। नगरपालिका और नगर पंचायत में स्थित विद्यालयों अवस्थापन संबंधी कमियों को दूर करने के लिए सूची उपलब्ध कराने को कहा गया। डीएम ने बीएसए को निर्देश दिया कि वे कस्तूरबा विद्यालयों सहित विभाग में रिक्त अन्य पदों को भरने के लिए त्वरित कार्रवाई करें। डीएम ने यह भी निर्देशित किया कि बीएससी खराब स्थिति वाले ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारियों से प्रतिदिन वीडियो कांफ्रेंसिंग करें। सुधार न होने पर लापरवाह खंड शिक्षा अधिकारियों की रिपोर्ट उपलब्ध कराएं ताकि कार्रवाई के लिए शासन को लिखा जा सके।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य राजस्व अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, समाज कल्याण अधिकारी, सभी खंड शिक्षा अधिकारी, सभी जिला समन्वयक आदि उपस्थित थे।

## जिलाधिकारी ने नाला निर्माण के कार्यो का लिया जायजा

**बलिया।** जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने माल्देपुर से कदम्ब चौराहे तक निर्माण होने वाले 4.65 किलोमीटर नाले का निर्माण कार्य देखा। अधिशासी अभियंता देवेंद्र वर्मा ने जिलाधिकारी को बताया कि अभी तक 700 मीटर का काम हो गया है। बाकी कार्य अक्टूबर 2024 तक पूरा कर लिया जाएगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कार्य की महत्ता को देखते हुए मजदूरों की संख्या बढ़ा दी जाए जिससे कि कार्य जल्दी से जल्दी हो सके। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि नाला निर्माण के स्थलों का चिन्हाकन कर दिया जाए जिससे लोगों को पहले से ही पता चल जाए कि यहां पर निर्माण कार्य होने वाला है। साथ ही यातायात बाधित ना हो इसकी पहले से व्यवस्था कर ली जाए।

**जिलाधिकारी ने डाक बंगले में निमार्णाधीन भवन का किया निरीक्षण** : जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने पीडब्ल्यूडी के डाक बंगले में निमार्णाधीन भवन का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि निर्माण कार्य पूरा होने के उपरांत भवन के चारों तरफ बाउंड्री वाल का सौंदर्यीकरण किया जाए साथ ही साफ-सफाई की व्यवस्था रखी जाए। जिलाधिकारी ने बन रहे भवन के कक्षो और शौचालयों का निरीक्षण किया और पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड के अधिशासी अभियंता देवेंद्र वर्मा को निर्देश दिया कि जल्द से जल्द कार्य पूरा कराया जाए।

## परिवारिक कलह से उबकर युवक ने जहर खाया, मौत

**गाजीपुर।** मरदह थाना क्षेत्र के स्थानीय गांव निवासी निब्बू कश्यप -38 ने परिवारिक कलह से तंग आकर विषाक्त पदार्थ खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। बता दें कि निब्बू कश्यप सोमवार की सुबह लगभग दस बजे घर से निकला और मरदह थाने में एक युवक के खिलाफ मारने पीटने की तहरीर देकर घर पहुंचा और कुछ देर बाद विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। जब परिजनों को जानकारी हुई, तो तुरंत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मरदह ले गए, जहां से चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक थाने के सामने ही चुरा कुटाई की मशीन चलाकर अपने परिजनों का जीविकोपार्जन करता था। सूत्रों से मिली खबर के अनुसार मृतक काफी दिनों से पारिवारिक कलह से परेशान चल रहा था। इससे माना जा रहा है इसी वजह से उसने ऐसा कदम उठाया होगा। घटना के बाद मृतक की पत्नी तेतरी देवी, पुत्र इशू कश्यप -18,आकाश -16, अनमोल -14, पुत्री जुड़वा बहनें रानी व चांदनी सहित परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। इस मामले में थानाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्र ने बताया मृतक की पत्नी तेतरी देवी की जानकारी पर शव का पंचनामा करके पोस्मार्टम कराया गया है। इधर घटना को लेकर गांव सहित क्षेत्र में तरह -तरह की चचाएं चलती रही।

## जिला जज, डीएम व एसपी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

**गाजीपुर।** जिला जज संजय कुमार, जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह द्वारा संयुक्त रुप से जिला जेल का निरीक्षण मंगलवार को किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कारागार चिकित्सालय, महिला एवं पुरूष बैरक, रसोईघर का निरीक्षण किया तथा कारागार में लगाए गए सीसीटीवी का संचालन व्यवस्था की जॉच की। जिलाधिकारी ने कारागार चिकित्सालय में भर्ती कैदियों से बीमारियों के संबंध में पूछा तथा उनके खान-पान एवं साफ-सफाई की जानकारी ली। जिला कारागार के हवालात कार्यालय के स्टाक रजिस्टर की जांच की गई। इसके पश्चात बारी-बारी से सभी बैरकों का निरीक्षण किया




गया। बैरकों में बन्दियों के कार्ड पर अगली पेशी का दिनांक को चेक किया। कारागार में रसोई घर के निरीक्षण में प्रत्येक दिन बनने वाले भोजन के मीनू की जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक ने जेल अधीक्षक को निर्देश दिया कि जेल के अन्दर किसी भी दशा में मोबाइल का प्रवेश न होने पाए। इसके लिए रोस्टर बनाकर चेंकिग अभियान चलाकर चेक किया जाए। इसके अतिरिक्त महिला बंदीगृह में दी जा रही सुविधाओं के बावत जानकारी ली। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी सदर, जेल अधीक्षक भी मौजूद रहे।

## एक नजर

### खड़ी टैंपो में पिकअप की जोरदार टक्कर, दो घायल

**बलिया।** राष्ट्रीय राजमार्ग 31 के पांडेपुर ढाला पर मंगलवार के दोपहर मे खड़ी टैंपो में पिकअप की जोरदार टक्कर से महंत सहित दो लोग घायल हो गये। ग्रामीणों ने आनन-फानन में दोनों घायलों



को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने महंत की गंभीर अवस्था देखते हुए उन्हें जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। मंगलवार की दोपहर बैरिया की तरफ से टेम्पो सवारी लेकर पांडेपुर ढाला पर आकर सवारी उतार रहा था कि उसी वक्त गांव में से नाच बाजा वालों को लेकर तेज रफ्तार पिकअप जाकर जोरदार टक्कर मार दी ।जिससे टेंपो चालक पचरुखिया निवासी पंकज शाह व केशरी दास बाबा के कूटी चिंतामणि राय के टोला मठिया के महंत रामदासी देवी गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने दोनों घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा पहुंचाया जहां टेंपो ड्राइवर का इलाज चल रहा है। वही महंत रामदासी देवी 70 वर्ष को गंभीर अवस्था देखते हुए चिकित्सकों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंची बैरिया पुलिस पिकअप को अपने कब्जे में लेकर बैरिया थाना चली गयी।

### बंगरा निवासी अशोक कुमार प्रजापति ने पुलिस प्रशासन और योगी सरकार से लगाई न्याय की गुहार

**सिकन्दरपुर (बलिया)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बंगरा गांव निवासी अशोक कुमार प्रजापति ने भू माफिया पर जान से मारने का लगाया आरोप । अशोक कुमार ने बताया की मेरे पिता द्वारा दो



दशक पूर्व एक आवासीय जमीन ली गई थी जिस पर हमलोग निर्माण करवा कर रह रहे थे । उस जमीन के बगल में भू माफिया के द्वारा जमीन के बगल में भूमि खरीदी गई और अब भू माफिया उस जमीन के साथ हम लोगो की जमीन भी हड़पना चाहता है जिसके लिए उसने कई बार हमारे पिता को डराया और धमकाया था ।जिसके डर से हमारे पिता ने न्यायालय में मुकदमा दाखिल कर दिया था। जिसकी सूचना भू माफिया को लगी तो रास्ते में रोक कर डरा धमका कर सुलह की बात कहने लगा ।वही पीड़ित ने भू माफिया पर अपने पिता के हत्या का आरोप लगाते हुए कहा कि मेरे पिता हृदय नारायण प्रजापति 10/5/2023 की सुबह बलिया न्यायालय में गए हुए थे। उसी दिन करीब डेढ़ बजे उनके ही मोबाइल से फोन आया कि वह सीएचसी सिकन्दरपुर में है। उनके सर पर बहुत गहरा चोट लगी हुई है। हम लोग तुरन्त हॉस्पिटल पहुंचे देखे की हॉस्पिटल में वह बेहोश पड़े हुए हैं। वहां से डॉक्टर ने बलिया रेफर कर दिया। फिर बलिया से भी रेफर कर दिया गया। उनका इलाज ट्रामा सेंटर बनारस चल रहा था। 23 मई को उनकी मौत हो गयी। आरोप लगाते हुए पीड़ित ने बताया कि मेरे पिता जी का हत्या हुई है। और पुलिस कोई सुनवाई नही कर रही है। पीड़ित अशोक कुमार ने पुलिस प्रशासन और योगी सरकार से न्याय की गुहार लगाई है की हमारे पिता के साथ हुई घटना की जांच कर अपराधियों को सख्त से सख्त सजा दिलवाई जाय ।अब मै शासन प्रशासन से न्याय की भीख मांग रहा हू। अगर न्याय नही मिला तो मै अपने पूरे परिवार के साथ आत्म लीला समाप्त कर लूंगा। जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

### डीएम ने बंद पड़ी चीनी मिल का किया निरीक्षण

गाजीपुर। औद्योगिक क्षेत्र नन्दगंज के अतिरिक्त बन्द पड़ी चीनी मिल एवं मे. लार्ड डिस्टिलरी नंदगज का भी निरीक्षण डीएम ने किया। इसके पूर्व



राजकीय औद्योगिक क्षेत्र नंदगंज में आवंटित इकाईयों का जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने औचक निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपायुक्त उद्योग से औद्योगिक आस्थान के क्षेत्रफल एवं आवंटित भूखण्ड/शेड की संख्या की जानकारी ली तथा क्षेत्रीय लेखपाल को किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न होने के लिए निर्देशित किया। उसके बाद उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित विद्युत फीडर का निरीक्षण कर अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड तृतीय को बिजली कटौती दूर करने एवं बॉस व झाड़ियों को तत्काल विद्युत लाइन से दूर करने का निर्देश दिया। उन्होनें यह भी निर्देश दिया कि औद्योगिक क्षेत्र से बाहर की इकाईयों को विद्युत कनेक्शन उद्योग बन्धु समिति की अनुमति से ही दिया जाय। इसके अलावा भूखण्ड संख्या-ए-2, मे. मंत्री ग्रामीण युवा विकास संस्थान बरहपुर, गाजीपुर हाथ कागज उद्योग,मे. खादी ग्रामोद्योग प्रसारक संस्थान नन्दगंज, गाजीपुर (हाथ कागज, मिठाई डिब्बा, प्रिंटिंग कागज उद्योग) और 3-मे0 हैण्डलूम सेंटर, नन्दगंज, गाजीपुर साड़ी उद्योग आदि का निरीक्षण किया तथा उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया गया कि औद्योगिक आस्थान की इकाईयों का फैक्ट्री एक्ट में पंजीकरण कराये, साथ ही बन्द इकाईयों के निरस्तीकरण/हस्तानान्तरण की आवश्यक कार्यवाही अति शीघ्र करना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त उद्योग प्रवीण कुमार मौर्य , अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खण्ड तृतीय, कानूनगो, लेखपाल एवं सम्बन्धित उद्यमी उपस्थित रहे।

### रेलवे अंडर पास 25 जून से होगा बंद

गाजीपुर। रेलमार्ग मार्ग के दोहरीकरण कार्य को दृष्टिगत रखते हुए, औड़िहार-भटनी रेल मार्ग पर, सादात व जखनियां रेलवे स्टेशन के मध्य मजुई-शादियाबाद सड़क मार्ग पर बने रेलवे अंडरपास को आगामी 25 जून से एक माह के लिए पूर्णत: बंद किया जाएगा।

## वर्तमान में वैश्विक स्तर पर साइबर क्राइम बन चुका है बड़ी चुनौती

# साइबर सेल के प्रति युवाओं को जागरूक करने के लिए एनसीसी कैडेट्स से हुआ संवाद

**बलिया।** साइबर अपराधों के प्रति युवाओं को जागरूक करने हेतु साइबर सेल प्रभारी संजय कुमार शुक्ला ने एनसीसी कैडेट्स से संवाद किया। बलिया के नरहीं स्थित कृष्णा शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज पर संचालित 90 यूपी बटालियन एनसीसी की कंबाइंड एनुअल ट्रेनिंग कैंप में सोमवार को साइबर सुरक्षा पर व्याख्यान के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया।

22 मई से 31 मई तक आयोजित दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के अंतर्गत कृष्णा शिक्षा निकेतन नरहीं, राजकीय इंटर कॉलेज, श्रीनाथ इंटर कॉलेज गढ़मलपुर, डीएवी इंटर कॉलेज बेल्थरा, अमर शहीद भगत सिंह उतर कॉलेज रसड़ा आदि से प्रतिभाग कर रहे सैकड़ों कैडेट्स को संबोधित करते हुए प्रभारी साइबर सेल संजय कुमार शुक्ला ने



कहा कि 'सतर्क रहकर एवं स्वयं तथा अपने परिवार के सदस्यों को जागरूक कर साइबर क्राइम से बचा जा सकता है।वर्तमान में वैश्विक स्तर पर साइबर क्राइम बड़ी चुनौती बन चुका है।साइबर क्राइम के विरुद्ध युद्ध में सतर्कता व जागरूकता प्रमुख हथियार है।

साइबर सुरक्षा के अपने अनुभवों को एनसीसी कैडेट्स से साझा करते हुए संजय शुक्ला ने ऑनलाइन बैंकिंग फ्रॉड से बचने तथा एटीएम के प्रयोग के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों से भी कैडेट्स को अवगत कराया । साथ ही छात्र छात्राओं को सचेत किया कि अज्ञात नंबर से आ रहे वीडियो कॉल को कतई रिसीव ना करें।यदि किसी साइबर क्राइम का शिकार हुए हैं, तो यथाशीघ्र टॉल फ्री नंबर 1930 पर इसकी जानकारी दें।साइबर सेल आपकी सहायता को तत्पर है।इसके साथ ही अपने नजदीकी पुलिस केंद्र पर भी साइबर क्राइम की शिकायत दर्ज कराई जा सकती है ।साइबर सेल के अमरनाथ मिश्र ने भी एनसीसी कैडेट्स को साइबर अपराधों के विभिन्न प्रकारों से अवगत कराते हुए कहा कि यथा संभव ऑनलाइन गेम्स से बचें।सोशल मीडिया अकाउंट्स के हैक होने से बचाव के तरीकों को भी बताया।एनसीसी कैडेट्स ने साइबर सुरक्षा पर अपने सवाल भी पूछे। विद्यालय प्रबंधक रविकांत उपाध्याय ने समस्त आगंतुकों का स्वागत किया तथा कर्नल कृष्ण सिंह बधवार ने धन्यवाद ज्ञापित किया।इस दौरान सूबेदार मेजर गिर बहादुर आले, शिवचंद यादव आदि उपस्थित रहे ।